# हर उम्र के लिए खुली शिक्षा



हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय ने योग्यता संवर्धन योजना या कंपीटेंस एनहांसमेंट स्कीम शुरू की है।

## इस योजना पर कुछ बिंदु -

- इस योजना में किसी भी उम्र के व्यक्ति को नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश और प्रमाणपत्र प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत, 2023 में इस योजना को छोटे पैमाने पर शुरू किया गया था। धीरे-धीरे यह लोकप्रिय हो रही है।
- विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में अब 10% तक सीटें सीईएस शिक्षार्शियों के लिए खुली हैं।

## वैश्विक उदाहरण -

अमेरिका में यह प्रथा काफी समय से चल रही है। स्वीडन की कोमवक्स प्रणाली, ब्राजील का एडुकाओ दे जोवेन्स ए एडल्टोस कार्यक्रम वयस्कों को साक्षरता, प्राथमिक और हर स्तर की शिक्षा से जुड़ने का अवसर देता है। ब्रिटेन में भी ऐसी व्यवस्था है।

विश्व स्तर पर बदलती तकनीक के साथ-साथ नौकरी और कौशल की आवश्यकताएं लगातार बदल रही हैं। इसका मतलब है कि शिक्षा प्रणाली को भी आवश्यकता के अनुसार लचीलापन रखना होगा।

**‘द इकॉनॉमिक टाइम्स’ में प्रकाशित संपादकीय पर आधारित। 9 अगस्त, 2025**